मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 3 **BES-145**

शिक्षा में स्नातक उपाधि कार्यक्रम (बी. एड.)

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2023

बी.ई.एस.-145 : हिन्दी शिक्षण प्रविधि

समय : 3 घण्टे *अधिकतम भारिता : 70%*

नोट : *सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों की भारिता समान है।*

---

1. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

   भाषा अर्जन प्रक्रिया की युक्तियों पर प्रकाश डालिए। साथ ही बालक में प्रारंभिक भाषा अवबोधन की प्रक्रिया की व्याख्या कीजिए।

अथवा

हिन्दी भाषा की पाठ्य-पुस्तक के अध्ययन पक्ष की विशेषताओं की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।

2. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

साहित्य शिक्षण के सिद्धान्त बताते हुए उदाहरण सहित समझाइए कि साहित्य शिक्षण द्वारा विद्यार्थियों में सृजनात्मकता का विकास कैसे किया जा सकता है।

अथवा

निबंध की विद्यागत विशेषताएँ स्पष्ट करते हुए, निबंध शिक्षण संबंधी विविध सोपानों की क्रियाविधि पर प्रकाश डालिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में हो :

(अ) प्रथम भाषा तथा द्वितीय भाषा के शिक्षण उद्दश्यों में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(ब) एक अच्छे आकलन उपकरण की विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।

(स) हिन्दी शब्द भण्डार को अर्थ के आधार पर समझाइए।

(द) मौखिक अभिव्यक्ति योग्यता आकलन के घटक क्या-क्या हैं ?

(य) समुन्नयन कार्य के महत्व को समझाइए।

(र) भाषा के किन्ही **दो** प्रकार्यों को उदाहरण द्वारा समझाइए।

4. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

माध्यमिक स्तर के हिन्दी पाठ्यक्रम से 'गद्य विधा' का शीर्षक चुनकर, उस शीर्षक पर गद्य शिक्षण विधि के सोपानों द्वारा पाठ-योजना का निर्माण कीजिए।